व्रतोत्सव–पत्रिका

2024-25

श्री श्री कात्यायनी पीठ, वृन्दावन

卐 जय जय माँ कात्यायनी 卐 जय जय माँ कात्यायनी 卐 जय जय माँ कात्यायनी 卐 जय जय माँ कात्यायनी 卐 जय जय माँ कात्यायनी 卐

श्री श्री कात्यायनी पीठ, वृन्दावन

श्री श्री कात्यायनी पीठ वृन्दावन, भगवती सती के 51 शक्ति पीठों में मुख्य पीठ जहाँ सती जी के केश गिरे थे

卐 जय जय माँ कात्यायनी 卐 जय जय माँ कात्यायनी 卐 जय जय माँ कात्यायनी 卐 जय जय माँ कात्यायनी 卐 जय जय माँ कात्यायनी 卐

व्रतोत्सव-पत्रिका

राजा—मंगल

मन्त्री—शनि

सन्-२०२४-२०२५
वि.स.-२०८१ श्री काल नाम संवत्सर
शकाब्द-१९४६ बंगाब्द-१४३१

श्री श्री कात्यायनी पीठ

केशवाश्रम-राधाबाग, वृन्दावन - २८११२१

Tel. 0565-2442386, 8920984445
Website : www.katyayanipeeth.org.in
E-mail: katyayanipeeth@yahoo.com

"श्री कृष्ण की क्रीड़ाभूमि में माँ कात्यायनी पीठ"

वृन्दावन

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत्॥

भारतीय संस्कृति जहाँ जो कुछ उत्तम एवं शुभ है उसका संग्रह करने वाली है। 'सर्वेषाम् विरोधेन ब्रह्मकर्म समार-भे' को वाणी प्रदान करने वाली है। संकुचित भावना से दूर त्याग, संयम, वैराग्य, सेवा, प्रेम, ज्ञान आदि से सुरभित वातावरण में पली भारतीय संस्कृति समस्त संस्कृतियों का श्रृंगार है। भारत की सांस्कृतिक चेतना मानवता के मन्दिर की अखण्ड ज्योति सी निरन्तर प्रज्वलित रही। जब भी यह ज्योति मन्द पड़ी, एक नवीन ज्योति ने अपना शुभ स्नेह दान कर उसमें प्राण फूंके। कितने वात्याचक आये और चले गये, किन्तु विश्व को शान्ति एवं सद्भाव का सन्देश देती हुई वह मंगल ज्योति निरन्तर जलती आ रही है। इसी श्रृंखला के अन्तर्गत भगवती कात्यायनी द्वारा नियुक्त महान् योगिराज श्री श्यामाचरण लाहिड़ी जी महाराज के परम सुयोग्य शिष्य योगीजी 1008 श्रीयुत् स्वामी केशवानन्द ब्रह्मचारी जी महाराज ने अपनी कठोर साधना द्वारा भगवती के प्रत्यक्ष आदेशानुसार इस लुप्त स्थान श्री कात्यायनी पीठ राधाबाग, वृन्दावन नामक पावनतम पवित्र स्थान का उद्धार किया।

अनन्तकाल से भारतवर्ष यथार्थ में पवित्र स्थानों, तीर्थों, सिद्धपीठों, मन्दिरों एवं देवालयों से सुसज्जित एवं सुशोभित रहा है। जिस पावन पवित्र भूमि में गंगा, यमुना, सरस्वती आदि नदियाँ एवं राम-कृष्ण आदि आराध्य देवों ने अवतार ग्रहण किया और अधर्म का नाश कर धर्म की रक्षा की, ऐसे सुन्दर पवित्रतम स्थानों को तीर्थ एवं सिद्धपीठ के नाम से पुकारा गया, जिनमें भगवान नन्दनन्दन अशरणशरण, करुणावरुणालय, ब्रजेन्द्र नन्दन श्री कृष्णचन्द्र की पावन पुण्यमय क्रीड़ाभूमि श्रीधाम वृन्दावन में कालिन्दी गिरिनन्दिनी सकल कल्मषहारिणी श्री यमुना के सन्निकट राधाबाग स्थित अति प्राचीन सिद्धपीठ के रूप में श्री श्री माँ कात्यायनी देवी विराजमान हैं।

भगवान श्री कृष्ण की क्रीड़ाभूमि श्रीधाम वृन्दावन में भगवती देवी के केश गिरे थे, इसका प्रमाण प्रायः सभी शास्त्रों में मिलता ही है। आर्य शास्त्र, ब्रह्मवैवर्त पुराण एवं आद्या स्तोत्र आदि कई स्थानों पर उल्लेख है "ब्रजे कात्यायनी परा" अर्थात् वृन्दावन स्थित पीठ में ब्रह्मशक्ति महामाया श्री माता कात्यायनी के नाम से प्रसिद्ध है। वृन्दावन स्थित श्री कात्यायनी पीठ भारतवर्ष के उन अज्ञात 108 एवं ज्ञात 51 पीठों में से एक अत्यन्त प्राचीन सिद्धपीठ है। देवर्षि श्री वेदव्यास जी ने श्रीमद्भागवत के दशम स्कन्ध के बाईसवें अध्याय में उल्लेख किया है-

कात्यायनि महामाये महायोगिन्यधीश्वरि।
नन्दगोपसुतं देवि पतिं मे कुरू ते नमः ॥

हे कात्यायनि ! हे महामाये ! हे महायोगिनि ! हे अधीश्वरि ! हे देवि ! नन्द गोप के राजकुमार श्री कृष्णचन्द्र को हमारा पति बना दीजिए। हम सब श्रद्धा सहित आपको प्रणाम करती हैं।

(जिस कन्या के विवाह में विलम्ब हो रहा हो तो वह कन्या माँ के स्वरूप का ध्यान कर उक्त मंत्र का एक माला जाप प्रतिदिन करे तो उसको सुन्दर और मनोनुकूल वर की प्राप्ति होती है।)

दुर्गा सप्तशती में देवी के अवतरित होने का उल्लेख इस प्रकार मिलता हैः

नन्दगोपगृहे जाता यशोदागर्भसम्भवा।

मैं नन्द गोप के घर में यशोदा के गर्भ से अवतार लूंगी। श्रीमद्भागवत् में भगवती कात्यायनी के पूजन द्वारा भगवान श्रीकृष्ण को प्राप्त करने के साधन का सुन्दर वर्णन प्राप्त होता है। यह व्रत पूरे मार्गशीर्ष (अगहन) के मास में होता है। भगवान श्रीकृष्ण को पाने की लालसा में ब्रजांगनाओं ने अपने हृदय की लालसा पूर्ण करने हेतु यमुना नदी के किनारे से घिरे हुए राधाबाग नामक स्थान पर श्री कात्यायनी देवी का पूजन किया।

ऐसे महान सिद्धपीठ का उद्धार क्या कोई साधारण व्यक्ति कर सकता है? जब तक उसे भगवती की कृपा प्राप्त न हो जाए। भगवती द्वारा नियुक्त पुत्र श्री केशवानन्द जी ने श्री कात्यायनी पीठ का पुनरुद्धार करने हेतु इस पृथ्वी पर जन्म लिया।

कामरूप मठ के स्वामी रामानन्द तीर्थ जी महाराज से दीक्षित होकर कठोर साधना के लिए हिमालय की कन्दराओं में गमन किया। साधनान्तर सर्वशक्तिशालिनी माँ के आदेशानुसार वृन्दावन स्थित अज्ञात सिद्धपीठ का उन्होंने पुनरुद्धार कराया। स्वामी केशवानन्द जी महाराज द्वारा 1 फरवरी, 1923 माघी पूर्णिमा के दिन बनारस, बंगाल तथा भारत के विभिन्न सुविख्यात प्रतिष्ठित वैदिक याज्ञिक ब्राह्मणों द्वारा वैष्णवीय परम्परा से मन्दिर की प्रतिष्ठा का कार्य पूर्ण कराया। माँ कात्यायनी के साथ-साथ पंचानन शिव, विष्णु, सूर्य तथा सिद्धिदाता श्री गणेश जी महाराज (जिनकी बात तो कुछ अलौकिक ही है "जिसने जाना उसने पाया" वाली कहावत चरितार्थ है) की मूर्तियों की भी इस मन्दिर में प्रतिष्ठा की गई।

राधा बाग मन्दिर के अन्तर्गत गुरु मन्दिर, शंकराचार्य मन्दिर, शिव मन्दिर, तथा सरस्वती मन्दिर भी दर्शनीय हैं। यहाँ की अलौकिकता का मुख्य कारण जहाँ साक्षात् माँ कात्यायनी सर्वशक्तिस्वरूपिणी दुःख-कष्टहारिणी, आन्नदमयी, करुणामयी अपनी अलौकिकता को लिए विराजमान हैं वहीं पर सिद्धिदाता श्री गणेश जी एवं बगीचे में अर्द्धनारीश्वर (गौरीशंकर महादेव) एक प्राण दो देह को धारण किए हुए विराजमान हैं। लोग उन्हें देखते ही मन्त्रमुग्ध हो जाते हैं।

शंकराचार्य मन्दिर में जहाँ विप्र वटुओं द्वारा वेद ध्वनि से सम्पूर्ण वेद विद्यालय एवं सम्पूर्ण कात्यायनी पीठ का प्रांगण पवित्र हो जाता है, वहीं कात्यायनी पीठ में स्थित औषधालय द्वारा विभिन्न असाध्य रोगियों का सफलतम उपचार तथा मन्दिर में स्थित गौशाला में गायों की सेवा-पूजा दर्शनीय है। इसके अतिरिक्त यज्ञशाला में वेदोक्तरीति से स्वाहाकार मन्त्रों का श्रवण एवं विभिन्न उपासना पद्धति द्वारा अर्चन को देखकर कोई व्यक्ति स्तम्भित होकर माँ के समक्ष पहुँच जाता है और सम्पूर्ण संसार को ही वो पलभर के लिए भूल जाता है। यही माँ कात्यायनी की कृपा शक्ति का फल है, जो कई बार दर्शन के बाद भी उसकी लालसा और जाग्रत् होती चली जाती है।

हरिद्वार

श्री स्वामी केशवानन्द जी महाराज को हिमालय में 37 वर्षो की घोर तपस्या के पश्चात् माँ भगवती ने आदेश दिया, तत्पश्चात् वे हरिद्वार के समीप कनखल में बेल्वाला जहाँ एक और चण्डी पर्वत, नीलधारा तथा दूसरी ओर मनसा देवी व हरकी पौड़ी से बहती हुई भागीरथी गंगा व मनसा देवी के बीच, टापू पर ये तप करने आए।

उस समय वहाँ सर्पों और बिच्छुओं से भरा घोर जंगल था। उस समय श्री स्वामी जी के पास केवल एक कमंडल और चिमटा था। 1903 में अंग्रेजों का राज्य था। उस समय हरिद्वार के लाट साहब (राज्यपाल) डाक बंगले में ठहरा करते थे, वहाँ से वे स्वामी जी के दर्शन करने आते थे। श्री स्वामी जी तपस्या में लीन रहते थे। कभी-कभी वे श्री स्वामी जी से वार्तालाप करने रुक जाते थे। राज्यपाल श्री स्वामी जी के तेज और अंग्रेजी में वार्तालाप से बहुत प्रभावित हुए। एक दिन उन्होंने श्री स्वामी जी से कहा कि मैं आपकी सेवा करना चाहता हूँ, इस पर श्री स्वामी जी ने कहा कि कुछ ऐसी व्यवस्था कर दीजिए कि हमें यहाँ कुटिया में भजन व साधना करनें में कभी कोई परेशानी नहीं हो। तभी से यह भूमि उनके और अब उनके द्वारा बनाए गए ट्रस्ट के पास पट्टे पर है।

इस भूमि को प्राप्त करने के बाद श्री स्वामी जी ने स्वयं गंगा नदी में तैर कर और फिर नाव से एक-एक पत्थर एकत्रित कर गुफाएँ तथा चबूतरे का निर्माण किया। यह चबूतरा 30x40 फीट का है और लगभग 6 फीट ऊँचाई का है। इसी चबूतरे पर श्री स्वामी केशवानन्द जी महाराज ने अपने योग-गुरु श्रीयुत् श्यामाचरण लाहिड़ी जी महाराज की स्मृति का समाधि मन्दिर और श्री श्यामेश्वर महादेव का मन्दिर स्थापित किया। कुछ समय बाद यहाँ एक भव्य आश्रम भी बनवाया। अब यह आश्रम केशवाश्रम के नाम से प्रसिद्ध है। चबूतरे के नीचे पूजा एवं ध्यान करने हेतु गुफाएँ भी बनाई गई, जिनमें योगीजन तपस्या कर सकें।

स्वामी केशवानन्द जी महाराज द्वारा हरिद्वार में स्थापित केशवाश्रम

आश्रम की भूमि में पंचवटी समान एक बगीचा है, जिसमें आँवला, अशोक, रुद्राक्ष, आम, जामुन और कई अन्य दिव्य वृक्ष हैं। ये वृक्ष वातावरण में दिव्य और सौम्य महक फैलाते हैं। चारों ओर गंगा की निर्मल धारा और पर्वतों के बीच यह आश्रम एक अत्यन्त रमणीय स्थान है। एक ओर पर्वत पर चण्डी देवी का मन्दिर तथा दूसरी ओर पर्वत पर मनसा देवी का मन्दिर, इस स्थान की दिव्यता को बढ़ाते हैं।

वर्तमान ट्रस्ट ने इस आश्रम के भवन व बगीचे को और भी अधिक रमणीय बनाया है। श्री श्यामेश्वर महादेव जी के मन्दिर के नीचे की गुफाओं को भी पुनः ठीक कराया गया है।

केशवाश्रम हरिद्वार में पूरे वर्ष भक्तगण दर्शन हेतु आते हैं और यहाँ के दिव्य वातावरण से ओत-प्रोत होकर जाते हैं। प्रतिदिन की पूजा-आरती के अलावा अन्य धार्मिक आयोजन भी होते हैं। इनमें से विशेष हैं - श्री श्यामेश्वर महादेव जी का रुद्राभिषेक, चण्डी-पाठ, पूज्य दण्डी स्वामियों एवं ब्राह्मणों की सेवा इत्यादि। गंगा-दशहरा और महाशिवरात्रि के पर्वो पर भी विशेष पूजाओं का आयोजन होता है।

श्री श्री कात्यायनी पीठ वृन्दावन में समयोचित पूजा महोत्सव आदि अनवरत रूप से विधिपूर्वक होते रहते हैं। भक्तों एवं दर्शनार्थियों की सुविधा हेतु प्रतिवर्ष की भांति नववर्ष व्रतोत्सव पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। माँ के चरणों में समर्पित करते हुए एवं सभी की मंगल कामना के साथ.....जय जय माँ कात्यायनी।

09 अप्रैल, 2024 (कात्यायनी ट्रस्ट)

वागीशाद्याः सुमनसः सर्वार्थनामुपक्रमे ।
यं नत्वा कृतकृतयाः स्युः तं नमामि गजाननम् ।।

श्री सिद्ध गणेश

श्री श्री कात्यायनी पीठ वृन्दावन में स्थित गणपति महाराज की मूर्ति का भी विचित्र इतिहास है। एक अंग्रेज श्री डब्ल्यू.आर. यूल कलकत्ता में मैसर्स एलटस ऐंशोरेन्स कम्पनी लि. जो नं.4 क्लाइव रोड पर है, में ईस्टर्न सेक्रेटरी के पद पर कार्य करते थे। इनकी पत्नी श्रीमती यूल ने कोई सन् 1911 या 1912 में जबकि वह विलायत जा रही थी, जयपुर से एक गणपति महाराज की मूर्ति खरीदी। वह अपने पति को कलकत्ता छोड़कर इंग्लैण्ड चली गईं तथा उन्होंने अपनी बैठक में कारनेस पर गणपति जी की प्रतिमा सजा दी। एक दिन श्रीमती यूल के घर भोज हुआ तथा उनके मित्रगणों ने गणेश जी की प्रतिमा को देखकर उनसे पूछा यह क्या है? श्रीमती यूल ने उत्तर दिया "यह हिन्दुओं का सूँड़वाला देवता है। उनके मित्रों ने गणेश जी की मूर्ति को बीच की मेज पर रखकर उपहास करना आरम्भ किया। किसी ने गणपति जी के मुख के पास चम्मच लगाकर पूछा, इनका मुँह कहाँ है। जब भोज समाप्त हो गया तब रात्रि में श्रीमती यूल की पुत्री को ज्वर हो गया जो रात्रि में बड़े वेग से बढ़ गया। वह अपने तेज ज्वर में चिल्लाने लगी, हाय मेरा सूँड़वाला खिलौना मुझे निगलने आ रहा है। डाक्टरों ने सोचा कि वह विस्मृति में बोल रही है, किन्तु वह रात-दिन यही शब्द दोहराती रही एवं अत्यन्त भयभीत हो गई। श्रीमती यूल ने यह सब वृतान्त अपने पति को कलकत्ता लिखकर भेजा। उनकी पुत्री को किसी भी औषधि से लाभ नहीं हुआ। एक दिन श्रीमती यूल ने स्वप्न में देखा कि वह अपने बाग के अतिथिगृह में बैठी है। सूर्यास्त हो रहा है, अचानक एक नग्न पुरुष जिसके घुँघराले बाल, मशाल सी जलती आँख, हाथ में भाला लिए, वृषभ पर सवार बढ़ते हुए अन्धकार से उसकी ओर आ रहा है एवं कह रहा है, "मेरे पुत्र सूँड़ वाले देवता को तत्काल भारत भेज दो अन्यथा मैं तुम्हारे सारे परिवार का नाश कर दूँगा। वह अत्यधिक भयभीत होकर जाग उठी और दूसरे दिन प्रातः ही उन्होंने उस खिलौने को पार्सल बनवाकर पहली डाक से ही अपने

पति के पास भारत भेज दिया। जहाँ वह देवता गार्डन हेंडरसन के कार्यालय में तीन दिन तक रहे। वहाँ शीघ्र ही कलकत्ता के नर-नारियों की सिद्ध गणेश के दर्शनार्थ कार्यालय में भीड़ लग गई। कार्यालय का सारा कार्य रुक गया। श्री यूल ने अपने अधीन ऐंशोरेन्स एजेण्ट केदार बाबू से पूछा कि इस देवता का क्या करना चाहिए। अन्त में केदार बाबू गणेश जी को अपने घर 7, अभय चरण मित्र स्ट्रीट ले गए एवं वहाँ उनकी पूजा शुरू कर दी। तब से सब भक्तों ने केदार बाबू के घर पर जाना आरम्भ कर दिया।

इधर वृन्दावन में स्वामी केशवानन्द जी महाराज कात्यायनी देवी की पंचायतन पूजन विधि से प्रतिष्ठा के लिए सनातन धर्म की पाँच प्रमुख मूर्तियों का प्रबन्ध कर रहे थे। श्री श्री कात्यायनी देवी की अष्टधातु से निर्मित मूर्ति कलकत्ता में तैयार हो रही थी तथा भैरव चन्द्रशेखर की मूर्ति जयपुर में बनाई गई थी, जबकि महाराज गणेश जी की प्रतिमा के विषय में विचार कर रहे थे, तभी उन्हें माँ का आदेश हुआ कि एक सिद्ध गणेश कलकत्ता में केदार बाबू के घर में हैं। जब तुम कलकत्ता से प्रतिमा लाओगे तब मेरे साथ मेरे पुत्र को भी लाना। अतः जब श्री स्वामी केशवानन्द जी श्री श्री कात्यायनी माँ की अष्टधातु की मूर्ति पसन्द करके लाने के लिए कलकत्ता गए तब केदार बाबू ने उनके पास आकर कहा गुरुदेव मैं आपके पास वृन्दावन आने का विचार कर रहा था।

मै बड़ी विपत्ति में हूँ। मेरे पास पिछले कुछ दिनों से गणेश जी की एक प्रतिमा है। प्रतिदिन रात्रि में स्वप्न में वह मुझसे कहते हैं कि जब श्री श्री कात्यायनी माँ की मूर्ति वृन्दावन जाएगी तो मुझे भी वहाँ भेज देना। कृपया आप स्वीकार करें। गुरुदेव ने कहा "बहुत अच्छा, तुम वह मूर्ति स्टेशन पर ले आना, मैं तूफान से जाऊँगा। जब माँ जाएँगी तो उनका पुत्र भी उनके साथ जाएगा।"

अतः जब श्री श्री स्वामी केशवानन्द जी महाराज श्री श्री कात्यायनी देवी की अष्टधातु की अत्यन्त ही सुन्दर प्रतिमा लेकर कलकत्ता से वापस आ रहे थे, केदार बाबू ने स्टेशन आकर गुरुदेव को गणेश जी की प्रतिमा दे दी। वह सिद्ध गणेश इन महान योगी द्वारा श्री श्री कात्यायनी पीठ में प्रतिष्ठित किए गए हैं। इनकी स्थापना के कुछ काल बाद से ही इस अद्भुत देवता की कई आश्चर्यजनक घटनाएँ घटीं, जो कि यदि लिपिबद्ध की जाएँ तो एक पूरा ग्रन्थ ही बन जाए।

श्री श्री कात्यायनी पीठ के पीठाधीश्वर
एक संक्षिप्त परिचय



स्वामी श्री विद्यानन्द जी महाराज

"सन्त हृदय नवनीत समाना" गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्री रामचरित मानस में सन्तों का वर्णन करते समय उनके हृदय एवं उनके स्वभाव का वर्णन किया है कि सन्तों का हृदय मक्खन के समान कोमल होता है। योगिराज श्री श्यामाचरण लाहिड़ी जी के सुयोग्य शिष्य श्री केशवानन्द ब्रह्मचारी जी ने स्वामी श्री रामानन्द तीर्थ जी महाराज से गेरूआ वस्त्र तथा ब्रह्मचर्य की दीक्षा ग्रहण कर कठोर साधना को प्राप्त किया। लाहिड़ी जी द्वारा योग क्रिया का अभ्यास कर हिमालय में समाधि द्वारा साधना की प्राप्ति तथा विभिन्न क्रियायोगों का अभ्यास किया गया। हिमालय में उन्होंने अनेक साधु-सन्तों के दर्शन किए। वहाँ पर उन्हें कात्यायनी माँ ने आदेश दिया। वृन्दावन में आकर अपने योग शक्ति द्वारा उस अज्ञात स्थान को प्राप्त किया जहाँ आज माँ कात्यायनी देवी विराजमान हैं। स्वामी केशवानन्द जी महाराज ने सत्यानन्द जी को अपना शिष्य

बनाया, परन्तु वे अधिक दिनों तक नहीं रह पाए और माँ के चरणों में लीन हो गए। उस समय स्वामी नित्यानन्द जी महाराज विद्यमान थे। उन्होंने भी स्वामी केशवानन्द जी महाराज से दीक्षा ग्रहण की। स्वामी नित्यानन्द जी महाराज माँ की सेवा अनन्य भक्ति से किया करते थे। स्वामी श्री केशवानन्द जी महाराज के परम भक्त श्री विश्वम्भर दयाल जी और उनकी पत्नी श्रीमती रामाप्यारी देवी जी, जो प्रतिदिन महाराज के दर्शन करने आया करते थे "माँ" की भक्ति के साथ-साथ गुरू महाराज स्वामी श्री केशवानन्द जी महाराज के भी कृपापात्र हो गए। श्री विश्वम्भर दयाल जी के छह पुत्र थे, इन छहों पुत्रों पर महाराज का आशीर्वाद सदा विद्यमान रहा, परन्तु चतुर्थ पुत्र पर उनकी कृपादृष्टि अत्यधिक रही और विधुभूषण नामक बालक आज स्वामी विद्यानन्द जी महाराज के नाम से जाने जाते हैं। स्वामी विद्यानन्द जी महाराज का जन्म 26 दिसम्बर, 1935 को वृंदावन में हुआ। बाल्यकाल में शिक्षा दीक्षा से ओत-प्रोत होकर स्वामी नित्यानन्द जी महाराज द्वारा उनका यज्ञोपवीत संस्कार कराया गया।

सन् 1954 अक्षय तृतीया से माँ की पूजा अर्चना करते रहे। स्वभाव से वे अत्यन्त सरल और कर्मशील माने जाते थे। बालकों के साथ बालक हो जाना, यह उनका स्वभाव था। पण्डितों और विद्वानों का आदर करना एवं सम्मानीय लोगों का सम्मान करना इनका स्वभाव था। कैसा भी व्यक्ति क्यों न आए वह इनके स्वभाव से नतमस्तक होकर जाता था। आखिर क्यों न हो जिस पर गुरु कृपा एवं "माँ" की कृपा सदा विद्यमान थी। आपके सरल स्वभाव को देखकर सभी लोग मन्त्रमुग्ध हो जाते थे आपके सम्पर्क में जो भी व्यक्ति आता था वह उनके वात्सल्यमय व्यवहार को पाकर गद्‌गद् हो जाता था। यही अलौकिक स्थान का महत्व, गुरु महाराज की कृपा तथा "माँ" की कृपा का फल था। श्री श्री कात्यायनी पीठ का नाम सम्पूर्ण देश विदेश में व्याप्त हो रहा है, जो व्यक्ति एक बार "माँ" के दर्शन कर गुरु देवों से आशीर्वाद ग्रहण करता है उसकी सभी मनोकामनाएँ निश्चित ही पूर्ण होती हैं।

स्वामी श्री विद्यानन्द जी 7 अप्रैल 2021 को ब्रह्मलीन हुए।

कात्यायनी ट्रस्ट के ट्रस्टी

श्री विष्णु प्रकाश	प्रधान
श्रीमती रीता मेनन	उप प्रधान
श्री रवि दयाल	सचिव
श्री के.एल. बंसल	सह उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष
श्री अशोक नारायण	ट्रस्टी
श्री नरेश दयाल	ट्रस्टी
श्रीमती कुक्कू माथुर	ट्रस्टी
श्री ऋषि दयाल	ट्रस्टी
श्री दीपक सहाय	ट्रस्टी
श्री नरेन्द्र गोहिल	ट्रस्टी
श्री संजय बहादुर	ट्रस्टी
श्री अजय बहादुर माथुर	ट्रस्टी
श्री राजेश डी माथुर	ट्रस्टी
श्री अखिल जिंदल	ट्रस्टी
श्री इन्दू प्रकाश सहाय	ट्रस्टी
श्री अशोक दयाल	ट्रस्टी
श्री सिद्धार्थ सहाय	ट्रस्टी

चैत्र–शुक्ल–पक्ष संवत् 2081

9 अप्रैल 2024 से 23 अप्रैल 2024 तक

9.4.2024	मंगलवार	प्रतिपदा	चैत्र वासन्तिक नवरात्रि व्रत प्रारम्भ, श्री काल नाम संवत्सर प्रारम्भ, श्री दुर्गा सप्तशती पाठारम्भ, शतचण्डी महायज्ञ प्रारम्भ, प्रातः पूजा आरती पाठ परायण।
10.4.2024	बुधवार	द्वितीया	प्रातः पूजा आरती, पाठ पारायण, सर्वार्थ सिद्धि योग।
11.4.2024	गुरुवार	तृतीया	प्रातः पूजा आरती, पाठ व परायण, गण गौरी पूजा, श्री मत्स्य जयन्ती।
12.4.2024	शुक्रवार	चतुर्थी	प्रातः पूजा आरती, पाठ पारायण। श्री गणेश चतुर्थी।
13.3.2024	शनिवार	पंचमी	प्रातः पूजा आरती, पाठ पारायण श्री पंचमी, मेष संक्रान्ति, चड़ पूजा
14.4.2024	रविवार	षष्ठी	प्रातः पूजा आरती, पाठ परायण, माँ कात्यायनी पूजा, सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग, बंग्ला पहला बैशाक
15.4.2024	सोमवार	सप्तमी	प्रातः पूजा आरती, पाठ पारायण।
16.4.2024	मंगलवार	अष्टमी	प्रातः पूजा आरती पाठ पारायण, श्री दुर्गाअष्टमी।

सन्धि-पूजा-विशेष आरती
दिनांक-16.04.2024 मंगलवार अपरान्ह 4:04 P.M.

17.4.2024	बुधवार	नवमी	प्रातः पूजा आरती, हवन, शतचण्डी महायज्ञ समापन, कुमारी पूजन, पूर्णाहूति, श्री राम नवमी व्रत पूजा, श्री दुर्गा नवमी, सर्वार्थ सिद्धियोग,

अमृत गुरु पुष्य योग, ब्राह्मण साधु सेवा

18.4.2024	गुरूवार	दशमी	
19.4.2024	शुक्रवार	एकादशी	कामदा एकादशी व्रत सर्वेषाम्
20.4.2024	शनिवार	द्वादशी	ग्रीष्म ऋतु प्रा. विष्णु द्वादशी
21.4.2024	रविवार	त्रयोदशी	प्रदोष व्रत, योगीराज स्वामी श्री नित्यानन्द जी महाराज का 66वां महातिरोधान महोत्सव,
22.4.2024	सोमवार	चतुर्दशी	
23.4.2024	मंगलवार	पूर्णिमा	पूर्णिमा व्रत श्री हनुमान जयन्ती,"माँ कात्यायनी शीतल भोग पूजा प्रारम्भ",

यह विशेष पूजा सम्पूर्ण वैशाख में मनायी जाती है, आज दिनांक 23.4.24 मंगलवार पूर्णिमा से प्रारम्भ होकर आगामी मास 23.05.24 (वैशाखी पूर्णिमा) तक इस उत्सव में प्रतिदिन श्री श्री कात्यायनी माँ तथा श्री नारायणजी की विशेष सुभाषित सुगन्धित पुष्पों एवं अन्य अभ्यंगों द्वारा विशेष अर्चन, ऋतु फल भोग तथा श्री चन्द्रशेखर महादेवजी की जलधारा एवं संध्या में शीतल भोग का विशेष आयोजन किया जाता है। वैशाख स्नान प्रारम्भ

वैशाख–कृष्ण–पक्ष संवत् 2081

24 अप्रैल 2024 से 8 मई 2024 तक

24.4.2024	शुक्रवार	प्रतिपदा	
25.4.2024	गुरूवार	प्रतिपदा	सर्वार्थ सिद्धि योग
26.4.2024	शुक्रवार	द्वितीया	
27.4.2024	शनिवार	तृतीया	चतुर्थी व्रत (चन्द्रोदय रात्रि 10.19 P.M)
28.4.2024	रविवार	चतुर्थी	सर्वार्थ सिद्धि योग
29.4.2024	सोमवार	पंचमी	
30.4.2024	मंगलवार	षष्ठी	
30.4.2024	मंगलवार	सप्तमी	क्षय
1.5.2024	बुधवार	अष्टमी	श्री दुर्गा अष्टमी,शीतला पूजा
2.5.2024	गुरूवार	नवमी	सर्वार्थ सिद्धि योग।
3.5.2024	शुक्रवार	दशमी	
4.5.2024	शनिवार	एकादशी	बरूथिनी एकादशी व्रत सर्वेषाम्, श्री वल्लभाचार्य जयन्ती
5.5.2024	रविवार	द्वादशी	प्रदोष व्रत, सर्वार्थ सिद्धि योग
6.4.2024	सोमवार	त्रयोदशी	
7.5.2024	मंगलवार	चतुर्दशी	पितृ कार्ये अमावस्या सर्वाथ अमृत सिद्धि योग
8.5.2024	बुधवार	अमावस्या	देवकार्ये अमावस्या, श्री शुक्रदेव जयन्ती, सर्वार्थ सिद्धि योग

वैशाख–शुक्ल–पक्ष संवत् 2081

9 मई 2024 से 23 मई 2024 तक

9.5.2024	गुरूवार	प्रतिपदा	
9.5.2024	गुरूवार	द्वितीया	क्षय
10.5.2024	शुक्रवार	तृतीया	अक्षय तृतीया, श्री बांके बिहारी जी के चरण दर्शन श्री परशुराम जयन्ती
11.5.2024	शनिवार	चतुर्थी	
12.5.2024	रविवार	पंचमी	श्री शंकराचार्य जयन्ती, श्री सूरदास जयन्ती
13.5.2024	सोमवार	षष्ठी	सर्वार्थ सिद्धि योग
14.5.2024	मंगलवार	सप्तमी	वृष संक्रान्ति
15.5.2024	बुधवार	अष्टमी	श्री दुर्गा अष्टमी, श्री
16.5.2024	गुरूवार	अष्टमी	श्री बगुलामुखी जयन्ती
17.5.2024	शुक्रवार	नवमी	
18.5.2024	शनिवार	दशमी	
19.5.2024	रविवार	एकादशी	श्री मोहिनी एकादशी व्रत सर्वेषाम्
20.5.2024	सोमवार	द्वादशी	प्रदोषव्रत
21.5.2024	मंगलवार	त्रयोदशी	श्री नृसिंह जयन्ती
22.5.2024	बुधवार	चतुर्दशी	श्री कूर्म जयन्ती
23.5.2024	गुरूवार	पूर्णिमा	पूर्णिमाव्रत, श्री बुद्ध जयन्ती, श्री राधारमण जयन्ती, वैशाख स्नान पूर्ण शीतल भोग, पूजा उत्सव समापन

ज्येष्ठ–कृष्ण–पक्ष संवत् 2081

24 मई 2024 से 6 जून 2024 तक

24.5.2024	शुक्रवार	प्रतिपदा	
25.5.2024	शनिवार	द्वितीया	
26.5.2024	रविवार	तृतीया	चतुर्थी (चन्द्रोदय रात्रि 10.9P.M)
27.5.2024	सोमवार	चतुर्थी	
28.5.2024	मंगलवार	पंचमी	
29.5.2024	बुधवार	षष्ठी	
30.5.2024	गुरूवार	सप्तमी	सर्वार्थ सिद्धि योग
31.5.2024	शुक्रवार	अष्टमी	श्री दुर्गा अष्टमी
1.6.2024	शनिवार	नवमी	
1.6.2024	शनिवार	दशमी	क्षय
2.6.2024	रविवार	एकादशी	अपरा एकादशी व्रत स्मार्त
3.6.2024	सोमवार	द्वादशी	अपरा एकादशी व्रत वैष्णव, सर्वार्थ सिद्धि योग
4.6.2024	मंगलवार	त्रयोदशी	प्रदोष व्रत
5.6.2024	बुधवार	चतुर्दशी	सर्वार्थ सिद्धि योग
6.6.2024	गुरूवार	अमावस्या	देव पितृकार्ये अमावस्या, वट सावित्री, पूजा, शनि जयन्ती

ज्येष्ठ–शुक्ल–पक्ष संवत् 2081

7 जून 2024 से 22 जून 2024 तक

7.6.2024	शुक्रवार	प्रतिपदा	
8.6.2024	शनिवार	द्वितीया	
9.6.2024	रविवार	तृतीया	सर्वार्थ सिद्धि अमृत सिद्धि योग, रवि पुष्य
10.6.2024	सोमवार	चतुर्थी	सर्वार्थ सिद्धि योग
11.6.2024	मंगलवार	पंचमी	
12.6.2024	बुधवार	षष्ठी	सर्वार्थ सिद्धि अमृत सिद्धि योग, अरण्य षष्ठी, श्री विन्ध्यवासिनी पूजा जमाई षष्ठी
13.6.2024	गुरूवार	सप्तमी	
14.6.2024	शुक्रवार	अष्टमी	श्री दुर्गा अष्टमी, मिथुन संक्रान्ति
15.6.2024	शनिवार	नवमी	
16.6.2024	रविवार	दशमी	श्री गंगा दशहरा, गंगाजी स्नान, श्री केशवाश्रम हरिद्वार, श्री बटुक भैरव जयन्ती
17.6.2024	सोमवार	एकादशी	निर्जला एकादशी स्मार्त
18.6.2024	मंगलवार	एकादशी	निर्जला एकादशी व्रत वैष्णव
19.6.2024	बुधवार	द्वादशी	प्रदोष व्रत, सवार्थ अमृत सिद्धि योग
20.6.2024	गुरूवार	त्रयोदशी	सर्वार्थ सिद्धियोग, रवि दक्षिणायन वर्षा ऋतु प्रारंभ
21.6.2024	शुक्रवार	चतुर्दशी	पूर्णिमा व्रत
22.6.2024	शनिवार	पूर्णिमा	श्री जगन्नाथ जी स्नान यात्रा, अम्बूवाची पूजा प्रारंभ

आषाढ़—कृष्ण—पक्ष संवत् 2081

23 जून 2024 से 5 जुलाई 2024 तक

23.6.2024	शनिवार	प्रतिपदा	क्षय
23.6.2024	रविवार	द्वितीया	सर्वार्थ सिद्धि योग
24.6.2024	सोमवार	तृतीया	सर्वार्थ सिद्धि योग
25.6.2024	मंगलवार	चतुर्थी	चतुर्थी व्रत (चन्द्रोदय रात्रि 10.26PM) अम्बूवाची पूजा समापन
26.6.2024	बुधवार	पंचमी	
27.6.2024	गुरूवार	षष्ठी	
28.6.2024	शुक्रवार	सप्तमी	
29.6.2024	शनिवार	अष्टमी	श्री दुर्गा अष्टमी
30.6.2024	रविवार	नवमी	सर्वार्थ सिद्धि योग
1.7.2023	सोमवार	दशमी	
2.7.2024	मंगलवार	एकादशी	योगिनी एकादशी व्रत सर्वेषाम्, सर्वार्थ सिद्धि योग
3.7.2024	बुधवार	द्वादशी	प्रदोष व्रत
4.7.2024	गुरूवार	त्रयोदशी	
4.7.2024	गुरूवार	चतुर्दशी	क्षय
5.7.2024	शुक्रवार	अमावस्या	देवपितृकार्ये अमावस्या

आषाढ़–शुक्ल–पक्ष संवत् 2081

6 जुलाई 2024 से 21 जुलाई 2024 तक

6.7.2024	शनिवार	प्रतिपदा	गुप्त नवरात्रि व्रत विधान प्रारम्भ
7.7.2024	रविवार	द्वितीया	श्री जगन्नाथ जी रथ यात्रा पुरी, रवि पुष्य
8.7.2024	सोमवार	तृतीया	सर्वार्थ सिद्धि योग
9.7.2024	मंगलवार	तृतीया	सर्वार्थ सिद्धि योग
10.7.2024	बुधवार	चतुर्थी	
11.7.2024	गुरूवार	पंचमी	
12.7.2024	शुक्रवार	षष्ठी	सर्वार्थ सिद्धि योग
13.7.2024	शनिवार	सप्तमी	
14.7.2024	रविवार	अष्टमी	श्री दुर्गा अष्टमी
15.7.2024	सोमवार	नवमी	नवमी (गुप्त नवरात्रि व्रत विधान समापन)
16.7.2024	मंगलवार	दशमी	कर्क संक्रान्ति
17.7.2024	बुधवार	एकादशी	देवशक्ति एकादशीव्रत स्मार्त, सर्वार्थ सिद्धि योग
18.7.2024	गुरूवार	द्वादशी	चातुर्मास विधान प्रारंभ, विष्णुशयनोत्सव
19.7.2024	शुक्रवार	त्रयोदशी	प्रदोष व्रत
20.7.2024	शनिवार	चतुर्दशी	पूर्णिमा व्रत, सन्यासी चतुर्मास जल विधान प्रारम्भ
21.7.2024	रविवार	पूर्णिमा	पूर्णिमा, श्री गुरु पूर्णिमा, श्री श्री कात्यायनी पीठ के श्री गुरुमन्दिर में विशेष गुरु पूजा आरती, वेद पाठ, श्री गोवर्धन परिक्रमा, व्यास पीठ पूजा, सर्वार्थ सिद्धि योग

प्रथम श्रावण–कृष्ण–पक्ष संवत् 2081

22 जुलाई 2024 से 4 अगस्त 2024 तक

22.7.2024	सोमवार	प्रतिपदा	सर्वार्थ सिद्धि योग
23.7.2024	मंगलवार	द्वितीया	
24.7.2024	बुधवार	तृतीया	चतुर्थी व्रत (चन्द्रोदय रात्रि 9.38 P.M)
24.7.2024	बुधवार	चतुर्थी	क्षय
25.7.2024	गुरुवार	पंचमी	
26.7.2024	शुक्रवार	षष्ठी	सर्वार्थ अमृत सिद्धि योग
27.7.2024	शनिवार	सप्तमी	
28.7.2024	रविवार	अष्टमी	श्री दुर्गा अष्टमी सर्वार्थ सिद्धि योग
29.7.2024	सोमवार	नवमी	श्रावण सोमवार
30.7.2024	मंगलवार	दशमी	सर्वार्थ सिद्धि योग
31.7.2024	बुधवार	एकादशी	कामदा एकादशी व्रत सर्वेषाम्
1.8.2024	गुरुवार	द्वादशी	प्रदोष व्रत
2.8.2024	शुक्रवार	त्रयोदशी	सर्वार्थ सिद्धि योग
3.8.2024	शनिवार	चतुर्दशी	
4.8.2024	रविवार	अमावस्या	अमावस्या, देवपितृकार्ये, हरियाली अमावास्या रवि पुष्य

श्रावण–शुक्ल–पक्ष–संवत् 2081

5 अगस्त 2024 से 19 अगस्त 2024 तक

5.8.2024	सोमवार	प्रतिपदा	श्रावण सोमवार व्रत
6.8.2024	मंगलवार	द्वितीया	
7.8.2024	बुधवार	तृतीया	हरियाली तीज, श्री बाँके बिहारी जी के मन्दिर में विशेष झूला दर्शन
8.8.2024	रविवार	चतुर्थी	विनायक चतुर्थी व्रत
9.8.2024	शुक्रवार	पंचमी	नागपंचमी
10.8.2024	शनिवार	षष्ठी	सर्वार्थ सिद्धि योग
11.8.2024	रविवार	सप्तमी	श्री तुलसीदास जयन्ती,
12.8.2024	सोमवार	सप्तमी	श्रावण सोमवार व्रत
13.8.2024	मंगलवार	अष्टमी	श्री दुर्गा अष्टमी, पूज्यनीया श्री रानी माँ का 57वाँ महातिरोधान उत्सव
14.8.2024	बुधवार	नवमी	सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग
15.8.2024	गुरूवार	दशमी	
16.8.2024	शुक्रवार	एकादशी	पवित्रा एकादशी व्रत सर्वेषाम्, झूला महोत्सव प्रारंभ, सिंह संक्रान्ति
17.8.2024	शनिवार	द्वादशी	श्रावण, प्रदोष व्रत
17.8.2024	शनिवार	त्रयोदशी	क्षय
18.8.2024	रविवार	चतुर्दशी	सर्वार्थ सिद्धि योग
19.8.2024	सोमवार	पूर्णिमा	श्री श्री कात्यायनी पीठ में राखीधारणोत्सव, श्रावणी कर्म, झूलामहोत्सव समापन पूर्णिमा व्रत सर्वार्थ सिद्धि योग

भाद्रपद–कृष्ण–पक्ष–संवत् 2081

20 अगस्त 2024 से 3 सितम्बर 2024 तक

20.8.2024	मंगलवार	प्रतिपदा	
21.8.2024	बुधवार	द्वितीया	कज्जली तीज (चन्द्रोदय रात्रि 8.25 P.M)
22.8.2024	गुरूवार	तृतीया	बहुला चतुर्थी व्रत (चन्द्रोदय रात्रि 9.01 P.M)
23.8.2024	शुक्रवार	चतुर्थी	
24.8.2024	शनिवार	पंचमी	
24.8.2024	शनिवार	षष्ठी	क्षय
25.8.2024	रविवार	सप्तमी	श्री कृष्ण जन्माष्टमी स्मार्त
26.8.2024	सोमवार	अष्टमी	श्री कृष्ण जन्माष्टमी व्रत वैष्णव, श्री दुर्गा अष्टमी
27.8.2024	मंगलवार	नवमी	गंगाा नवमी, नन्द महोत्सव
28.8.2024	बुधवार	दशमी	सर्वार्थ सिद्ध योग
29.8.2024	गुरूवार	एकादशी	जया एकादशी व्रत सर्वेषाम्, सर्वार्थ सिद्धि योग, मेला
30.8.2024	शुक्रवार	द्वादशी	सर्वार्थ सिद्धि योग, अजा एकादशी व्रत वैष्णव
31.8.2024	शनिवार	त्रयोदशी	शनि प्रदोष व्रत
1.9.2024	रविवार	चतुर्दशी	
2.9.2024	सोमवार	अमावस्या	कुशोत्पाटिनी अमावस्या, पितृकार्ये अमा.
3.9.2024	मंगलवार	अमावस्या	देवकार्ये अमावस्या

भाद्रपद– शुक्ल–पक्ष–संवत् 2081

4 सितम्बर 2024 से 18 सितम्बर 2024 तक

4.9.2024	बुधवार	प्रतिपदा	सर्वार्थ सिद्धि योग
5.9.2024	गुरूवार	द्वितीया	
6.9.2024	शुक्रवार	तृतीया	(तीज) हरितालिका व्रत।
7.9.2024	शनिवार	चतुर्थी	श्री गणेश जयन्ती, श्री श्री कात्यायनी पीठ में श्री गणपति देव जी की विशेष पूजा महोत्सव, सवार्थ सिद्धि योग
8.9.2024	रविवार	पंचमी	ऋषि पंचमी
9.9.2024	सोमवार	षष्ठी	श्री बल्देव छठ, श्री सूर्य षष्ठी, सर्वार्थ सिद्धि योग
10.9.2024	मंगलवार	सप्तमी	
11.9.2024	बुधवार	अष्टमी	श्री राधा अष्टमी, श्री दुर्गा अष्टमी
12.9.2024	गुरूवार	नवमी	श्री भागवत जयन्ती
13.9.2024	शुक्रवार	दशमी	
14.9.2024	शनिवार	एकादशी	पद्मा एकादशी व्रत सर्वेषाम्, सर्वार्थ सिद्धि योग
15.9.2024	रविवार	द्वादशी	श्री वामन जयन्ती, प्रदोष व्रत
16.9.2024	सोमवार	त्रयोदशी	कन्या संक्रान्ति
17.9.2024	मंगलवार	चतुर्दशी	अनन्त चतुर्दशी व्रत, पूर्णिमा व्रत
18.9.2024	बुधवार	पूर्णिमा	सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग, श्राद्ध पक्ष, प्रारम्भ, पूर्णिमा श्राद्ध, प्रतिपदा श्राद्ध

आश्विन– कृष्ण–पक्ष–संवत् 2081

19 सितम्बर 2024 से 2 अक्टूबर 2024 तक

18.9.2024	बुधवार	प्रतिपदा	क्षय
19.9.2024	गुरूवार	द्वितीया	द्वितीया श्राद्ध, सर्वार्थ सिद्धि योग
20.9.2024	शुक्रवार	तृतीया	तृतीया श्राद्ध
21.9.2024	शनिवार	चतुर्थी	चतुर्थी श्राद्ध, चतुर्थी व्रत (चन्द्रोदय (चन्द्रोदय रात्रि 8.51 P.M)
22.9.2024	रविवार	पंचमी	पंचमी श्राद्ध, सर्वार्थ सिद्धि योग
23.9.2024	सोमवार	षष्ठी	षष्ठी श्राद्ध, सर्वार्थ सिद्धि योग
24.9.2024	मंगलवार	सप्तमी	सप्तमी श्राद्ध
25.9.2024	बुधवार	अष्टमी	अष्टमी श्राद्ध, श्री दुर्गा अष्टमी
26.9.2024	गुरूवार	नवमी	नवमी श्राद्ध
27.9.2024	शुक्रवार	दशमी	दशमी श्राद्ध
28.9.2024	शनिवार	एकादशी	इंदिरा एकादशी व्रत सर्वेषाम् एकादशी श्राद्ध
29.9.2024	रविवार	द्वादशी	द्वादशी श्राद्ध
30.9.2024	सोमवार	त्रयोदशी	प्रदोष व्रत, त्रयोदशी श्राद्ध
1.10.2024	मंगलवार	चतुर्दशी	चतुर्दशी श्राद्ध
2.10.2024	बुधवार	अमावस्या	देवपितृ कार्ये, अमावस्या, अमावस्या श्राद्ध, स्नान, दान, तर्पण, श्राद्ध पक्ष समापन महालया, सर्वार्थ सिद्धि योग

आश्विन– शुक्ल–पक्ष–संवत् 2081

3 अक्टूबर 2024 से 17 अक्टूबर 2024 तक

3.10.2024	गुरुवार	प्रतिपदा	शारदीय नवरात्रि व्रत, देवी पूजा प्रारम्भ, घट स्थापना, प्रातः पूजा आरती, श्री शतचण्डी महायज्ञ प्रारंभ, पाठ पारायण
4.10.2024	शुक्रवार	द्वितीया	प्रातः पूजा, आरती, पाठ पारायण
5.10.2024	शनिवार	तृतीया	प्रातः पूजा, आरती, पाठ पारायण, तुला संक्रान्ति
6.10.2024	रविवार	तृतीया	प्रातः पूजा, आरती, पाठ पारायण, सर्वार्थ सिद्धि अमृत
7.10.2024	सोमवार	पंचमी	प्रातः पूजा, आरती, पाठ पारायण
8.10.2024	मंगलवार	पंचमी	प्रातः पूजा, आरती, पाठ पारायण
9.10.2024	बुधवार	षष्ठी	प्रातः पूजा, आरती, पाठ पारायण, श्री श्री 1008 योगीराज स्वामी केशवानन्द जी महाराज का 82वाँ तिरोधान महोत्सव, श्री गुरु मंदिर में विशेष पूजा आरती, साधु ब्राह्मण सेवा
10.10.2024	गुरूवार	सप्तमी	प्रातः पूजा, आरती, पाठ पारायण
11.10.2024	शुक्रवार	अष्टमी	प्रातः पूजा, आरती, पाठ पारायण, श्री दुर्गा अष्टमी विशेष पूजा, योगिराज श्री श्यामाचरण लाहिड़ी जी महाराज का तिरोधान महोत्सव

सन्धि-पूजा-विशेष आरती

दिनांक-11.10.2024 शुक्रवार समय प्रातः 6:24 A.M.

12.10.2024	शनिवार	नवमी	प्रातः पूजा, आरती, महानवमी पूजा हवन, शतचण्डी महायज्ञ समापन, कुमारी पूजा, पूर्णाहुति, साधु ब्राह्मण सेवा, हेमन्त ऋतु प्रारम्भ, सर्वार्थ सिद्धि योग, श्री विजयादशमी प्रातः 9.30 बजे श्री श्री माँ कात्यायनी पीठ राधा बाग वृंदावन में श्री नारायण जी की सवारी का (शमी वृक्ष) शमी मण्डप में आगमन, विशेष पूजा एवं शमी वृक्ष एवं अस्त्र शस्त्र पूजन भजन कीर्तन विजय सम्मेलन, प्रसाद वितरण
13.10.2024	रविवार	दशमी	पापाकुंशा एकादशी व्रत स्मार्त
14.10.2024	सोमवार	एकादशी	पापाकुंशा एकादशी व्रत वैष्णव
14.10.2024	सोमवार	द्वादशी	क्षय
15.10.2024	मंगलवार	त्रयोदशी	सर्वार्थ सिद्धि अमृत सिद्धि योग, प्रदोष व्रत
16.10.2024	बुधवार	पूर्णिमा	शरद पूर्णिमा, शरदोत्सव, श्री श्री कात्यायनी पीठ में विशेष लक्ष्मी पूजा, आकाश दीप प्रारम्भ, चन्द्र दर्शन खीर भोग, कार्तिक स्नान प्रारम्भ
17.10.2024	गुरूवार	पूर्णिमा	पूर्णिमा तुला संक्रान्ति सर्वार्थ, अमृत सिद्धि योग, कार्तिक स्नान प्रारम्भ

कार्तिक– कृष्ण–पक्ष–संवत् 2081

18 अक्टूबर 2024 से 1 नवम्बर 2024 तक

18.10.2024	शुक्रवार	प्रतिपदा	सर्वार्थ सिद्धि योग
19.10.2024	शनिवार	द्वितीया	
20.10.2024	रविवार	तृतीया	करवाचौथ चतुर्थी व्रत (चन्द्रोदय रात्रि 7.58 P.M)
20.10.2024	रविवार	चतुर्थी	क्षय
21.10.2024	सोमवार	पंचमी	सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग
22.10.2024	मंगलवार	षष्ठी	
23.10.2024	बुधवार	सप्तमी	
